समुदाय व संरक्षण

समुदाय आधारित जैवविविधता संरक्षण तथा आजीविका सुरक्षा

अंक १०, नं. १ मार्च - ऑगस्ट २०२१

विषय सूची

१. समाचार और जानकारी

- नागालैंड के छात्रों ने हाइवे पर लाइटों के लिए सूक्ष्म सौर ऊर्जा यंत्र लगाए
- अहमदाबाद में, महिलाओं ने एक-एक घर करके, झुग्गियों को जलवायु अनुकूल बनाने के लिए कार्यवाही शुरू की
- पंचायत ने दिखाया अपशिष्ट प्रबंधन के लिए रास्ता

२. दृष्टिकोण

- आधी पृथ्वी या पूरी पृथ्वी? हरित बहाली या परिवर्तनशील बहाली? वैश्विक दक्षिणी भाग की आवाज़ें कहाँ हैं?

३. इंटरव्यू

- एरियल सालेह के साथ जेन्डर न्यायपूर्ण परिवर्तन के लिए सुधारपूर्ण नैतिकता

४. उम्मीद के निशां

- राजस्थान की लोक संस्कृति में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली जोड़ी

पर्यायांवर विशेष अंक

शुरुआती शब्द

हम एक घायल सभ्यता का हिस्सा हैं। प्रणालीगत शोषण, सामाजिक दमन, भ्रष्टाचार, पितृसत्ता, युद्ध, स्थानिक गरीबी, असहिष्णुता, धार्मिक कट्टरवाद, लोकतंत्र की कमी, जलवायु संकट आदि के परिणामस्वरूप हो रही मानवीय पीड़ा को हम सब अपनी आँखों के सामने देख रहे हैं। सामाजिक और प्राकृतिक व्यवस्था को एक-साथ रखने वाले नाजुक ताने-बाने को, एक बड़ा आंसू धीरे-धीरे चीर रहा है, जैसा-कि हमेशा से चीरता आया है।

पृथ्वी दुखी है। और उसके साथ उस पर रहने वाले मानवीय और गैर-मानवीय जन्तु भी। यह संकट केवल सामाजिक ही नहीं बल्कि पारिस्थितिकीय और आध्यात्मिक भी है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, दुनिया को छिन्न-भिन्न करने वाली इस दरार को सिलने की तत्काल आवश्यकता है। इससे पहले कि हम सभी सभ्यता और पारिस्थितिक के सम्पूर्ण पतन से घिर जाएँ!

इस गुत्थी से बाहर निकालने के लिए हम क्या रास्ता सोच सकते हैं? क्या पुरातन संत हमें खुशी और कल्याण का रास्ता दिखा सकते हैं? शांति, न्याय और स्वतंत्रता का एक नया युग हम कैसे लाएँ? सदियों पुराने ज्ञान और आधुनिक राजनीतिक विचारों को रचनात्मक तरीके से कैसे लागू किया जाए, जिससे कि हम वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें? पारिस्थितिकीय और आध्यात्मिक परिकल्पना में रचनात्मकता और कला की क्या भूमिका हो सकती है?

यह कुछ ऐसे सवाल हैं जिनके उत्तर हमें तुरंत ढूँढने होंगे।

लेकिन अभी सब कुछ हाथ से नहीं निकला है। बहुत से लोग व्यक्तिगत, सामुदायिक और संस्थागत स्तरों पर निःस्वार्थ भाव से न केवल इन घावों को सिलने की दिशा में काम कर रहे हैं, बल्कि उपचार, पुनर्वास और बहाली के लिए आवश्यक कार्य भी कर रहे हैं।

पीपल इन कंज़र्वेशन के इस अंक में आप इनमें से कुछ लोगों से मिलेंगे।

मिलिंद वानी

१. समाचार और जनकारी

नागालैंड के छात्रों ने हाइवे पर लाइटों के लिए सूक्ष्म सौर ऊर्जा यंत्र लगाए

योषिता राव

नागालैंड का खुज़ामा गाँव अपने छात्रों द्वारा सूक्ष्म सौर ऊर्जा यंत्र लगाने के प्रयास के कारण थोड़ा और हरित और थोड़ा और सतत बन गया है

नागालैंड के कोहिमा जिले के केंद्र में बसे खुज़ामा गाँव के बीच से एशियन हाइवे २ गुज़रता है, जिस पर रोशनी के लिए ७ फुट लंबे खंभे लगाए गए हैं। इन खंभों को अंगमी आदिवासियों के पारंपरिक रूपांकनों से लाल, हरे, काले, सफेद, पीले और नारंगी रंगों से पेंट किया गया है। यह इस गाँव की संपन्न अंगमी आदिवासी संस्कृति को दर्शाने के लिए किया गया है।

नागालैंड में १६ कबीले हैं, और हर एक कि अपनी उत्कृष्ट भाषा है। इसलिए, हम एक-दूसरे को नहीं समझते, केसेटो ठकरो, जो कि गाँव के मूल निवासी हैं, हँसते हुए बताते हैं। लेकिन यह लाइट के खंभे खुज़ामा गाँव के लिए एक से अधिक महत्व रखते हैं।

कोरोनावायरस महामारी के कारण पूरी दुनिया बंद पड़ गई, इसलिए केसेटो, जो कि एन.आई.टी. चूमुकेडिमा के यांत्रिकी विभाग में काम करते हैं, अपने गाँव वापस लौट आए। खुज़ामा स्टूडेंट केयर यूनियन के सदस्य होने के नाते, उन्होंने ई-लर्निंग कक्षाएं शुरू कीं, क्योंकि स्कूल भी बंद थे।

एक कक्षा के दौरान, केसेटो के दिमाग में एक विचार आया। मुझे विचार आया कि एक हाईड्रोजर, एक मिनी-हाइड्रो जनरेटर लगाना चाहिए। मैंने यूनियन से इसके बारे में चर्चा की, और सभी सहमत हो गए। इसलिए हमने प्रोजेक्ट ब्राइटर खुज़ामा की शुरुआत की, उन्होंने बताया। इसके साथ उन्होंने बताया कि किस तरह से छात्रों के प्रयास ने पूरे प्लांट को असेम्बल किया और २ महीने के अंदर पूरे गाँव में सौर लाइटें लगा दीं।

इस कार्यक्रम का एकमात्र उद्देश्य केवल बिजली पैदा करके उसका लाभ उठाना ही नहीं है, बल्कि छात्रों और समुदाय को हरित ऊर्जा के विषय में शिक्षित करना भी है, ३१ वर्षीय केसेटो कहते हैं। यह दो चिड़ियों को एक ही बीज से खिलाने जैसा है, केसेटो कहते हैं, मशीन को चालू रखने के लिए अब हम जंगल की सुरक्षा करते हैं, जहाँ हमारे पानी के स्त्रोत हैं। और छात्रों ने जल विद्युत ऊर्जा प्लांट के काम करने के मूल सिद्धांत भी सीखे।

सर्वप्रथम प्रकाशन – **द बेटर इंडिया**

और अधिक जानकारी के लिए यहाँ देखें: https://vikalpsangam.org/article/nagland-students-micro-hydro-power/

अहमदाबाद में, महिलाओं ने एक-एक घर करके, झुग्गियों को जलवायु अनुकूल बनाने के लिए कार्यवाही शुरू की

कार्तिक चंद्रमौली द्वारा लिखा गया

अहमदाबद, गुजरात की विकास नगर झोंपड़-पट्टी। शहरी गरीब समुदाय जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के प्रति ज़्यादा संवेदनशील रहते हैं – जैसे कि अत्यधिक गर्मी बढ़ जाना और बाढ़ आना। *फोटो: कार्तिक चंद्रमौली*

वर्ष २०१० में अहमदाबाद में सबसे प्रचंड गर्मी पड़ी जिसमें लगभग १,३४४ लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि पूरे भारतवर्ष में १९९२ से लेकर २०१५ तक कुल २४,२२३ मृत्यु हुईं। वर्ष २०१९ में, देश में पिछले तीन दशकों से सबसे कड़ी गर्मी पड़ी, और इस वर्ष में जलवायु परिवर्तन के कारण असाधारण वैश्विक गर्मी और उच्च प्रभाव वाले मौसम के एक दशक का समापन हुआ।

जैसे–जैसे शहरी इलाकों में जनसंख्या बढ़ती जा रही है, जलवायु परिवर्तन के दबाव, जैसे कि प्रचंड गर्मी की लहर, पानी की कमी, और बाढ़ के कारण शहरों के जीवन स्तर में काफ़ी गिरावट आ सकती है, खासकर शहरी गरीबों के लिए।

महिला हाउज़िंग सेवा ट्रस्ट (एम.एच.टी.), जिसे २५ वर्ष का हाशिये की महिलाओं के सशक्तिकरण और आवास से जुड़े मुद्दों पर काम करने का अनुभव है, ने झोंपड़–पट्टियों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना करने में मदद करने का निर्णय लिया। वर्ष २०१५ में ग्लोबल रिज़िल्यन्स पार्ट्नरशिप से लगभग १२ लाख रुपए का सहयोग मिलने पर, उन्होंने अपने जलवायु तन्यकता कार्यक्रम की पहुँच को ८ शहरों तक बढ़ाकर १०० झोंपड़–पट्टियों तक फैलाया, जिसमें एक शहर नेपाल का और एक बांग्लादेश का भी है।

हमारा ज़ोर चार प्रमुख तनावों पर है, जो ज़्यादातर झोंपड़–पट्टियों में देखे जाते हैं – गर्मी, बाढ़, वेक्टर–जनित रोग, और पानी की कमी, एम.एच.टी. की कार्यक्रम प्रबंधक सिराज़ हीरानी ने बताया।

प्रथम प्रकाशन – **वन अर्थ**

और अधिक जानकारी के लिए यहाँ देखें – https://vikalpsangam.org/article/climate-resilient-houses-in-abad/

पंचायत ने दिखाया अपशिष्ट प्रबंधन के लिए रास्ता

कार्तिक माधवन द्वारा

पंचगव्यम बनाते हुए कुरुदमपलायम पंचायत के कामगार। फोटो: एम.पेरियास्वामी

जब भी कोई गाय पेशाब करती हुई दिखती है, तो आर.रेणुका देवी, आर.धनलक्ष्मी और जी.राजेश के हाथ में जो भी डब्बा आता है उसे लेकर भागते हैं। वे पेशाब को इकट्ठा करके एक भंडारण पात्र में डालते हैं, जब तक कि वह आधा न भर जाए।

राजेश जी का कहना है कि उन्हें 'पंचगव्यम' तैयार करने के लिए इस पेशाब की ज़रूरत पड़ती है, जो कि कीड़े भगाने, टॉइलेट साफ करने और कुछ अन्य उत्पाद बनाने के लिए एक प्रचलित मिश्रण है।

वे हमें यह बता ही रहे थे कि उधर धनलक्ष्मी ने दो छोटे पात्रों के बदले पास में पड़े केलू में पेशाब इकट्ठी कर ली। इसे फिर प्लास्टिक के ड्रमों में रखा जाता है और बाद में पास के कुरुदमपलायम पंचायत में बने बायोगैस प्लांट में ले जाया जाता है।

था मुरूगन, कार्यक्रम निर्देशक, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, कोयम्बटूर बताते हैं कि स्थानीय निकाय, जो कि शहर के बाहर स्थित है, एक अनूठी संसाधन प्रबंधन प्रणाली पर काम कर रहा है जिसमें ठोस और द्रव्य अपशिष्ट का उपयोग किया जा सके। यह एजेंसी पंचायत को आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग दे रही है।

प्रथम प्रकाशन – **द हिन्दू**

और अधिक जानकारी के लिए यहाँ देखें: https://vikalpsangam.org/article/panchayat-shows-the-way-in-waste-management/

✧✧

२. दृष्टिकोण

आधी पृथ्वी या पूरी पृथ्वी? हरित बहाली या परिवर्तनशील बहाली? वैश्विक दक्षिणी भाग की आवाज़ें कहाँ हैं?

आशीष कोठारी

जैव विविधता की रक्षा के लिए विभिन्न साहसिक प्रस्तावों पर काफ़ी विमर्श चल रहा है। इनमें से एक प्रस्ताव ई.ओ. विल्सन (२०१६) की पुस्तक हाफ–अर्थ: अवर प्लैनेट्स फाइट फॉर लाइफ से आया है। इस विचार का सार हाफ–अर्थ प्रोजेक्ट (२०२१) द्वारा दिया गया है, जो '... हमारे साथ जैव–विविधता के एक बड़े हिस्से की सुरक्षा के लिए आधी भूमि और समुद्र के संरक्षण के लिए काम कर रहा है'। आलोचकों का तर्क है कि यह विचार मानव अधिकारों के लिए निहितार्थ से भरा है, संभावना है कि यह विचार अपने उद्देश्य प्राप्त न कर पाए, और यह कि – प्रस्ताव के विपरीत– हमें पारिस्थितिक सीमाओं के अंदर लाने के लिए, बहुत ज़रूरी है कि पृथ्वी पर आर्थिक गतिविधियों में परिवर्तन किया जाए (बुशर इत्यादि, २०१७; बुशर इत्यादि, २०१७; कैफारो इत्यादि, २०१७ भी देखें)।

इससे संबंधित विचारों (जैसे सीबीडी, २०२०) के समानांतर, कोविड–पर्यंत दुनिया में विकास के लिए नए दृष्टिकोण प्रस्तावित किए जा रहे हैं, जिनमें से कुछ मुख्यधारा का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। तथाकथित प्रकृति–आधारित समाधानवाद तेजी से चर्चा का विषय बनता जा रहा है। इसके मूल सिद्धांत कोई अपवाद नहीं हैं, जिनके अंतर्गत प्रकृति के सिद्धांतों और प्रवाह के अनुसार कार्य किए जाने हैं, और इनमें सामाजिक–पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए टिकाऊ प्रबंधन और प्रकृति उपयोग की रणनीतियाँ अपनाई जानी हैं। लेकिन इस तरह के समाधानों के अंतर्गत शक्ति और अधिकारों वाले पहलुओं की अनदेखी के लिए इस दृष्टिकोण की आलोचना भी की गई है, और इसकी भी कि यह दृष्टिकोण ग्रीनवॉश को बढ़ावा देता है, जिसमें निगम और सरकारें अपनी विनाशकारी गतिविधियों को जारी रखते हैं और दूसरों पर इस विनाश की भरपाई करने के लिए दबाव डालते हैं (वैश्विक वन गठबंधन, २०२०र)।

लेकिन इन सभी प्रस्तावों और दृष्टिकोणों में मुझे जो सबसे बड़ी चिंता है, वह वैश्विक उत्तर क्षेत्र में उनकी उत्पत्ति से संबंधित है। अधिकांश प्रस्ताव देने वाले, और यहां तक कि उनके कई आलोचक भी, उत्तरी या पश्चिमी देशों के संस्थानों में, या अमीर और शक्तिशाली वर्गों में स्थित हैं। उल्लेखनीय है कि सबसे कमज़ोर या न दिखने वाली आवाज़ें वैश्विक दक्षिण क्षेत्र से हैं, जिनमें आदिवासी लोग या अन्य स्थानीय समुदाय शामिल हैं, जो सबसे अधिक जैव–विविधता वाले क्षेत्रों में रहते हैं या उनका उपयोग करते हैं। (https://openlettertowaldronetal.wordpress.com)।

यदि वैश्विक उत्तरी भाग के संरक्षणवादी पृथ्वी को बचाने के बारे में गंभीर हैं, और मुझे विश्वास है कि वे हैं, तो उन्हें अमेज़ॅन में रहने वाले नेमोंटे नेनक्रिमो जैसे वाओरानी आदिवासी लोगों को ध्यान से सुनने की ज़रूरत है ('यह मेरा पश्चिमी दुनिया के लिए संदेश है – आपकी सभ्यता पृथ्वी पर जीवन को मार रही है'; नेन्क्रिमो, २०२०), और उन समुदायों को भी जिन्होंने प्रकृति–आधारित समाधानों के पैरवीकारों को बताया है कि 'हमारी प्रकृति आपका समाधान नहीं है' (वैश्विक वन गठबंधन, २०२०ल)। आदिवासी लोगों और स्थानीय समुदाय संगठनों तथा नागरिक समाज समूहों के विश्व स्तरीय नेटवर्क, जैसे कि आदिवासी लोगों के और समुदाय संरक्षित प्रदेशों और क्षेत्रों के संघ (www.iccaconsortium.org), और वैश्विक वन गठबंधन से जुड़े नेटवर्क ने दिखाया है कि किस प्रकार समुदाय के नेतृत्व वाले संरक्षण के दृष्टिकोण, विशेषकर यदि उसके लिए सहयोगी नीति संदर्भ भी मौजूद हो, जैसे कि भूमि के पट्टे और स्व–निर्धारण के अधिकार, तो वे कारगर हो सकते हैं। साक्ष्य इसका समर्थन करता है (बेनेट एंड रामोस, २०१९; फर्नांडीज–लामाजारेस इत्यादि, २०२०)। आदिवासी लोगों और स्थानीय समुदायों के जीवन से जुड़े प्रदेशों पर शासन अधिकार को मान्यता देने के आंदोलन ने ज़ोर देकर कहा है कि मनुष्यों और प्रकृति के बीच सह–अस्तित्व न केवल संभव है, बल्कि इसे हासिल करने का सबसे अच्छा तरीका इस तरह के शासन के तहत या औपचारिक संरक्षण एजेंसियों के साथ न्यायसंगत सह–शासन ही है। यह आंदोलन सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मान्यता और सहयोग की अपेक्षा करता है, लेकिन ऊपर से नीचे या संरक्षण देने वाला नहीं, और यह केवल अपने ही क्षेत्रों में नहीं, बल्कि हर जगह शोषणकारी, निष्कर्षण–आधारित आर्थिक गतिविधियों को समाप्त करने की मांग करता है।

एक निश्चित अर्थ में, हाफ–अर्थ प्रवक्ता पृथ्वी के साथ एक नैतिक संबंध के लिए अपने आग्रह में आदिवासी सोच के करीब हैं। लेकिन समानता कुछ हद तक सतही है। अधिकांश हाफ–अर्थ प्रवक्ता आधुनिकीकरण और औद्योगीकरण द्वारा मौलिक रूप से परिवर्तित परिस्थितियों में रहते हैं: वे संभवतः कल्पना भी नहीं कर सकते कि एक शिकारी, संग्रहकर्ता, मछुआरे, किसान या वन–निवासी के रूप में अपना पूरा जीवन कैसे जिया जाता है, जिसकी आजीविका, संस्कृति, मनोरंजन, भाषा, भोजन, रिश्ते, भावनाएं, और बहुत कुछ प्राकृतिक दुनिया के साथ रोज़मर्रा के लेन–देन से प्रभावित रहते हैं। जैसे कि नेनक्रिमो कहते हैं:

अमेज़ॅन वर्षावन को जानने में हमें हज़ारों साल लग गए ... मेरे बुजुर्ग मेरे शिक्षक हैं। जंगल मेरा शिक्षक है ... मैं आपको इस पत्र में नहीं सिखा पाऊंगा। लेकिन मैं जो कह सकता हूं वह यह है कि इस जंगल ने हमें सिखाया है कि कैसे हल्के से चलना है, और क्योंकि हमने उसे सुना, सीखा और उसकी रक्षा की है, उसने हमें सब कुछ दिया

है: जल, स्वच्छ वायु, पोषण, आश्रय, औषधियाँ, खुशियां, और सार्थकता। और आप यह सब हमसे ही नहीं, बल्कि ग्रह पर सभी से, और आने वाली पीढ़ियों से छीन रहे हैं।

यहां तक कि हम में से जो दक्षिणी भाग के शहरों में रहते हैं (और इसमें मैं खुद को भी शामिल करता हूं) वे भी इस तरह के जीवन को पर्याप्त रूप से समझने में असमर्थ हैं। यह गैर–द्वैतवाद जिस पर यह समुदाय जीते हैं, हम में से उन लोगों के लिए निरर्थक है जो मनुष्य और बाकी प्रकृति के बारे में सोचने के बजाए, मानव और प्रकृति को द्विधुरियों के रूप में सोचते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि औद्योगिक समाज में लोग अपनी बाधाओं को पार करने और प्रकृति के दायरे में रहने के लिए वापस लौटने में सक्षम नहीं हैं (न ही वैश्विक दक्षिणी भाग में सभी सह–अस्तित्व की मिसाल हैं!), लेकिन अगर पार्ट–अर्थ प्रवक्ता इस प्रकार के लोग थे, तो यह संदेहास्पद है कि वे पृथ्वी को अलग–अलग हिस्सों में विभाजित करने का प्रस्ताव देते – एक प्रकृति के लिए, दूसरा मनुष्यों के लिए। यह द्वैत ही इन दृष्टिकोणों का सबसे बड़ा दोष है।

इसके विपरीत, आदिवासी लोगों और स्थानीय समुदायों के आह्वान का अनुसरण करते हुए, हमें एक ऐसे दृष्टिकोण की कल्पना और संघर्ष करना होगा, जो मनुष्यों के साथ–साथ सभी प्रजातियों के बीच सह–अस्तित्व के लिए प्रयास करता हो। इसका अर्थ है नेनक्रिमो के संदेश को उसके तार्किक निष्कर्ष पर ले जाना: सभ्यता की एक क्रांतिकारी पुनर्कल्पना, एक अधिक न्यायसंगत, सतत, तुल्य दुनिया की दिशा में प्रणालीगत परिवर्तन, जो आर्थिक विकास और तथाकथित विकास के निरर्थक वादे पर आधारित नहीं है। यहां भी, कल्याण प्राप्त करने और बनाए रखने के विविध तरीके उपलब्ध हैं (कोठारी इत्यादि, २०१९; प्रकृति के अधिकारों के लिए वैश्विक गठबंधन, २०२१)।

उत्तरी भाग के विचारकों ने मौलिक परिवर्तन की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया है। सैंडब्रुक इत्यादि (प्रकाशन में) ने कोविड–१९ महामारी के लिए संभावित राजनीतिक और आर्थिक प्रतिक्रियाओं की जांच की, और परिवर्तनकारी आर्थिक पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, यह देखते हुए कि हरित बहाली के दृष्टिकोण अपने आप में पर्याप्त नहीं होने वाले हैं। बल्कि वे भी अपने क्षितिज को वैश्विक उत्तरी भाग से निकलने वाले डिग्रोथ (विकास/उत्पादन में कमी लाना) के दृष्टिकोण तक ही सीमित रखते हैं, और वैश्विक दक्षिणी भाग में उभर रहे दर्जनों क्रांतिकारी दृष्टिकोणों का उल्लेख नहीं करते। हम में से कुछ ने हाल ही में एक नए, विकास–पर्यंत संरक्षण दृष्टिकोण के लिए प्रमुख सिद्धांत निर्धारित किए हैं (फ्लेचर इत्यादि, २०२०): आनंदमय, विविधता, विघटन, प्रकृति में पवित्रता को महत्व देना, उपनिवेशवाद, सामाजिक न्याय, प्रत्यक्ष लोकतंत्र, पुनर्वितरण, सहायकता, वैश्विक अंतर्संबंध, संरक्षण और प्रतिरोध को जोड़ना, और शक्ति को फिर से परिभाषित करना। ये सभी पहलू ज़मीनी स्तर के आंदोलनों में शामिल होकर, नज़दीक से सुनने के परिणामस्वरूप सामने आए हैं, लेकिन यह उन आंदोलनों की ओर से बोलने का प्रयास नहीं है। स्थानीय और वैश्विक दोनों स्तर पर संरक्षण के भविष्य, या वास्तव में पृथ्वी के भविष्य के विषय पर चल रहे विमर्शों में इन आंदोलनों को अपने मुद्दे बताने के लिए सक्षम बनाना होगा।

मानवता के चेहरे पर लगे कोविड–१९ के थप्पड़ से हमें यह एहसास हो जाना चाहिए कि महत्वाकांक्षी जैव विविधता लक्ष्य निर्धारित कर देना ही पर्याप्त नहीं है, जैसे कि २००१ और २०१० में निर्धारित किए गए थे, और दोनों ही बार हम उन्हें प्राप्त करने से चूक गए थे। ऐसे लक्ष्य, और पार्ट–अर्थ दृष्टिकोण, इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त नहीं हैं। होल–अर्थ को शामिल करते हुए, मूलभूत परिवर्तन के बिना, हम नो–अर्थ की संभावना देख रहे हैं। हम पहले से ही हरित बहाली के नाम पर कोविड–१९ ग्रीनवॉश की लहर में घिरे हुए हैं, और हाँलाकि तथाकथित हरित नए सौदे पारंपरिक विकास प्रतिमानों से कहीं ऊपर हैं, फिर भी वे अस्थिरता और असमानता के राजनीतिक और आर्थिक ढांचे को चुनौती देने में काफी दूर नहीं जाते हैं (कोलिंजीवाड़ी और कोठारी, २०२०)। एक मज़बूत बहाली को कई रंगों की क्रांतियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा, एक इंद्रधनुषी दृष्टिकोण जो संपूर्ण भू–परिदृश्य और समुद्री परिदृश्य में संरक्षण, आजीविका सुरक्षा, लोकतांत्रिक प्रथाओं और एकजुटता–आधारित अर्थव्यवस्थाओं को एकीकृत करता हो।

प्रकृति में हमारे और अधिक हस्तक्षेप के कारण अगली महामारी के पैदा होने से पहले, संरक्षणवादियों – आदिवासी लोगों और स्थानीय समुदायों से लेकर वैज्ञानिकों और नागरिक समाज समूहों को – आपसी सम्मान और समान सहयोग के माहौल में अपनी विशेषज्ञता को संयोजित करने की आवश्यकता है। हमारे पास पर्याप्त साझे आधार है (सैंडब्रुक, २०१९), लेकिन सफल होने के लिए हमें वैश्विक उत्तरी भाग की ज़रूरत है ताकि वह अपने बचे हुए उपनिवेशवाद को छोड़ दे और वैश्विक दक्षिणी भाग की केंद्रीय भूमिका को स्वीकार कर सके, विशिष्ट रूप से संरक्षण के क्षेत्र में और ग्रहों की भलाई के व्यापक प्रतिमानों में।

आशीष कोठारी – कल्पवृक्ष पर्यावरणीय प्रभाव समूह, अपार्टमेंट ५, श्री दत्त कृपा, ९०८ डेक्कन जिमखाना, पुणे ४११ ००४, भारत ई–मेल ashishkothaririseup.net

३. इंटरव्यू

एरियल सालेह के साथ जेन्डर न्यायपूर्ण परिवर्तन के लिए सुधारपूर्ण नैतिकता

यह इंटरव्यू वर्ष २०२० में आयोजित विशेषज्ञ कार्यशाला आई.जी.डी. के बाद किया गया जिसमें 'न्यायसंगत परिवर्तन' के लिए नारीवादी दृष्टिकोण पर चर्चा की गई है।

सोमाली सरीस, आई.जी.डी. रिसर्च टु प्रैक्टिस असोसिएट, एरियल से ईको–नारीवादी विचार साझा करने के लिए कहती हैं जिनके आधार पर मनुष्य और पर्यावरण के रिश्ते को पुनरपरिभाषित किया जा सके और उनके अनुसार सत्ता एवं आर्थिक रिश्तों की एक अलग प्रणाली किस प्रकार का रूप ले सकती है।

एक न्यायसंगत परिवर्तन के लिए ज़रूरी है कि मनुष्यों और पर्यावरण के बीच के रिश्ते के बारे में मौलिक रूप से दोबारा सोचा जाए। इसका मतलब है कि हम पर्यावरण को केवल इस नज़र से देखना बंद कर दें कि वह मनुष्यों के काम आने के लिए बना है, और इसके विपरीत, हम मनुष्यों को पारिस्थितिकीय तंत्र के एक अंश मात्र के रूप में देखें। क्या आप बता सकती हैं कि हमें जेन्डर न्यायसंगत परिवर्तन प्राप्त करने के लिए पश्चिम के मानवकेंद्रित द्वैतवाद से हटना क्यों ज़रूरी है?

पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए एक व्यापक सोच महत्वपूर्ण है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 'मानवकेंद्रित' है। जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता की कमी, और २०२० की महामारी जैसे संकट, प्रत्येक इस प्रबल यूरोकेंद्रित कल्पना के परिणाम हैं जो कि मानवता को प्रकृति के ऊपर का दर्जा देती है। इस मानवता/प्रकृति की द्वैत परिकल्पना, जिसे पुरातन अब्राहमवादी धार्मिक संस्कृतियों से उद्धृत किया गया है, को यूरोपीय ज्ञानोदय और वैज्ञानिक क्रांति ने धर्म–निरपेक्ष बनाया। आधुनिक विज्ञान के अंतर्गत प्रकृति को एक जीवित प्राणी के विपरीत प्रकृति को एक 'मशीन' के रूप में देखने का दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसे मनुष्य रूपांकित और बेहतर बना सकते हैं। प्रकृति से श्रेष्ठ मानवता के द्वैतवादी तर्क के कई अन्य मायने भी थे – वस्तु(प्रकृति) से श्रेष्ठ कर्ता (मनुष्य), हाथ से करने से श्रेष्ठ बौद्धिक, प्रजनन से श्रेष्ठ उत्पादन, महिला से श्रेष्ठ पुरुष, और अश्वेत से श्रेष्ठ श्वेत। यह जीवन–से कटी पितृसत्तात्मक विचारधारा यूरोकेंद्रित पुरुषत्ववादी पहचानों से नज़दीकी से बंधी हुई है और पूंजीवाद के लिए परम आवश्यक है। पारंपरिक रूप से, न सिर्फ महिलाओं को 'पुरुषों के मुकाबले प्रकृति के ज़्यादा करीब' माना जाता है, बल्कि आदिवासी लोगों और बच्चों को भी। सक्षमता, अधिकार, और सत्ता की यह अवचेतन दर्जाबंदी रोज़मर्रा की बातचीत और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित करती है।

अधिकतर सरकारें और बहु–स्तरीय एजेंसियाँ अब वैश्विक पर्यावरणीय संकट को गंभीरता से ले रही हैं – *ऐन्थ्रोपोसीन* (जलवायु और प्रकृति पर मनुष्यों का प्रमुख प्रभाव) वार्तालाप इसके सूचक हैं। लेकिन यह शब्द – *ऐन्थ्रोपोसीन*– अपने आप में ही समस्या का एक हिस्सा है, चूंकि अंतर्राष्ट्रीय विमर्श की तरह ही, यह भी बहुत ज़्यादा मानवकेंद्रित है। अकादमिक क्षेत्र का कहना है,

अर्थव्यवस्था या पश्चिमी कानूनी अवधारणाएँ, प्रकृति पर मानवता की प्रभुता पर आधारित हैं। लेकिन मानवकेंद्रित नज़रिया इस तथ्य को धुंधला कर देता है कि चुनाव, और गतिविधियों के प्रभावों का सामना करने वाली जनसंख्या – अधिकतर महिलाएँ और विश्व के औपनिवेशित लोग – ग्रह व्यवस्था का विनाश करने के लिए ज़िम्मेदार नहीं रही है। यह एक प्रयोगसिद्ध वास्तविकता है कि सभी मनुष्य प्रकृति हैं; 'प्रकृति–का–शरीरधारी–प्रारूप'। जो लोग युवाओं का पोषण करने, या अपना खुद का खाना पैदा करने का श्रम करते हैं, वे इसे भली–भांति जानते हैं। तो ऐसा हुआ, कि ५ दशक पहले, जो महिलाएं वैश्विक उत्तरी भाग में प्रदूषित शहरी क्षेत्रों या वैश्विक दक्षिणी भाग में स्थानीय वनों की कटाई का विरोध कर रही थीं, उन्हें द्वैतवादी तर्क के विनाशकारी अभिमान और उसकी सहायक तर्कशक्ति का एहसास हो गया था। प्राकृतिक प्रक्रियाओं के साथ काम करने का मतलब है जीवित उपापचयी स्थानांतरण को सुगम बनाना, अतः जटिल कुशलताओं और एहतियाती नैतिकता की ज़रूरत को पहचानना (सालेह, २०१७)। इस सुविधाजनक स्थान से (देखा जाए तो), सामाजिक और पारिस्थितिकीय संकट स्पष्ट रूप से प्रतिस्पर्धात्मक मनोभावों को दर्शाते हैं, जो कि अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों की लिंग–जेन्डर आधारित राजनैतिक अर्थव्यवस्था में बसे हुए हैं।

पारिस्थितिकीय नारीवाद की राजनीति और सैद्धांतिक साहित्य का विकास इसी गहरी समझ से हुआ है। ईको–नारीवादियों ने ध्यान दिया कि किस प्रकार पूंजीवादी पितृसत्तात्मक समाजों में, उनके अपने प्रजननशील शरीरों के संसाधानिकरण और वस्तुकरण के साथ–साथ प्रकृति का भी संसाधानिकरण और वस्तुकरण हुआ। शरीरों के शोषण को आज दो समानांतर आदर्शों की मौजूदगी में देखा जा सकता है – निजी पर सार्वजनिक की प्रभुता: एक व्यक्तिपरक मुद्रीकृत अर्थव्यवस्था *(मी)*, और एक गैर–मुद्रीकृत संबंधपरक अर्थव्यवस्था *(वी)*। घरेलू वी अर्थव्यवस्था भौतिक रूप से मी अर्थव्यवस्था को कायम रखती है, लेकिन अक्सर उसे 'प्राकृतिक' गतिविधि माना जाता है।

ईको–नारीवाद में 'प्रकृति पर मानवता की प्रभुता' के द्वैतवाद का क्या विकल्प दिया गया है? ऐसे कौन से सकारात्मक उदाहरण हैं जिनसे हम सीख सकते हैं?

ईकोनारीवाद का पृथ्वी पर जीवन के लिए सक्रीयतावाद नव–उदारवाद, सैन्यीकरण, विज्ञान पर कॉर्पोरेट के कब्ज़े, मज़दूरों के अलगाव, प्रजनन तकनीकों, सेक्स पर्यटन, बाल उत्पीड़न, नव–उपनिवेशवाद, निष्कर्षणवाद, नूक्लीअर हथियारों, भूमि और जल पर कब्ज़े, वनों की कटाई, पशुओं पर क्रूरता, आनुवंशिक अभियांत्रिकी, जलवायु परिवर्तन, और विकास की यूरो–केंद्रित मिथ्या के आपस में जुड़े अन्यायों को संबोधित करता है।

अपने सबसे गहरे रूप में, ईको–नारीवाद एक वैकल्पिक ज्ञान–पद्धति शास्त्र है, ज्ञान का एक ऐसा तरीका जो कि लोगों और प्रकृति के पूंजीवादी पितृसत्तात्मक शोषण से बिल्कुल अलग है। लेकिन महिलाओं की राजनीतिक विचारधारा को किसी प्रकार के 'स्त्रीत्व मूलतत्व' से जोड़ना पुरुषवादी वैचारिक निरर्थकता के समान होगा। ईको–नारीवादी विचारधारा का स्त्रोत न तो जैविक अवतार में है और न ही सांस्कृतिक रीति–रिवाज़ों में, हालाँकि क्या माना जाता है, उसे यह पहलू प्रभावित ज़रूर कर सकते हैं। इसके विपरीत, ईको–नारीवादी ज्ञान–पद्धति शास्त्र का स्त्रोत श्रम है, चूंकि लोग समझ और कुशलताओं की पहचान भौतिक विश्व के साथ जानते–बूझते बातचीत करते हुए करते हैं। देखरेख करने वाले, किसान, संग्रहकर्ताओं जैसे लोग अपनी सभी इंद्रीय क्षमताओं के साथ जुड़े रहते हैं, और इसलिए वे एक–चीज़–दूसरे–से कैसे–जुड़ी–है के सटीक और समझ में आने वाले प्रारूप बना पाते हैं।

विश्व में अधिकतर महिलाएं जो देखरेख का काम करती हैं, उन्हे ऐतिहासिक रूप से उस सत्तामूलक हाशिये पर रखा गया है जहाँ तथाकथित रूप से मानवता और प्रकृति मिलते हैं। फैक्ट्री या क्लर्क के रूप में काम करने वालों से अलग, महिलाओं के सांस्कृतिक विविधतापूर्ण समूह जैविक प्रवाहों पर नज़र रखते हैं और प्रकृति में पदार्थों/ऊर्जा के विनिमय को कायम रखते हैं। असल में, पूंजीवाद का समूचा *थर्मोडाइनामिक* इस अदृश्य *'मेटा–औद्योगिक वर्ग'* के श्रम की मध्यस्थता में होने वाले भौतिक लेन–देन पर आधारित है। दिन–ब–दिन, वैश्विक आर्थिक व्यवस्था इन मज़दूरों के लिए एक विशाल अस्वीकृत ऋण अर्जित कर रही है। हाल के दशकों में, वैश्विक उत्तरी भाग और औपनिवेशित समुदायों में रहने वाली, देखरेख के काम में जुटी महिलाएं एक राजनैतिक 'आंदोलनों के आंदोलन' में एकजुट हुई हैं, जहाँ उनका मानना है कि बढ़ोतरी और सततता एक–दूसरे से जुड़े हुए लक्ष्य हैं। उनके मेटा–औद्योगिक श्रम की अनूठी तर्कसंगतता बाहरीताओं के बिना आर्थिक प्रावधान करने की उनकी एक क्षमता है – जिसका मतलब है, कि वे दूसरे लोगों को अपना सामाजिक ऋण नहीं सौंपतीं या प्राकृतिक प्रक्रियाओं को गिरावट या *एन्ट्रॉपी* की ओर नहीं धकेलतीं।

- इकवेडोर में, महिलाओं ने 'पारिस्थितिकीय ऋण' की अवधारणा विकसित की है जिसके माध्यम से वे ५०० वर्ष से चली आ रही उनकी भूमि से होने वाली चोरी; विकास ऋण पर विश्व बैंक के ब्याज की आधुनिक चोरी की व्याख्या करती हैं।
- संयुक्त राष्ट्र अमरीका में, कोड पिंक कार्यकर्ता विश्व शांति के लिए अथक प्रयास में जुटे हुए हैं; अन्य जानवरों के प्रति क्रूरता का अंत करने पर ज़ोर दे रहे हैं।
- अफ्रीका में, जिन महिलाओं की आजीविकाएँ उनके ग्रामीण घरों के पास हो रही खनन गतिविधियों के कारण खतरे में हैं, उन्होंने एक *कॉन्टिनेंटल एंटी–एक्सट्रैक्टिविस्ट* नेटवर्क स्थापित किया है, जिसका जलवायु पर अपना अलग घोषणापत्र है, जिसे पेरिस में कॉप २५ में पेश किया गया था।
- चीन में, गाँव की महिलाएँ औद्योगिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग करने से इंकार कर रही हैं, और मिट्टी की उर्वरकता बहाल करने के लिए सदियों पुरानी जैविक तकनीकों को पुनर्जीवित कर रही हैं, और सांप्रदायिक खाद्य संप्रभुता के प्रतिमान स्थापित कर रही हैं।
- भारत में, वे पर्यावरण–प्रचुरता के लिए स्कूलों में काम करते हैं और पारंपरिक बीजों के 'बैंक' बनाकर उन्हें बड़ी फार्मा कंपनियों द्वारा *बायो–पाइरेसी* और *कॉर्पोरेट पेटेंट* होने से बचाते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया में, उपनगरीय घरेलू महिलाएँ, जिन्हें मडगे के नाम से जाना जाता है, वे आनुवंशिक कृत्रिम खाद्यान्नों का सक्रीयता से विरोध कर रही हैं।
- फ्रांस में, युवा महिलाएँ और पुरुष आर्थिक *डिग्रोथ* का नेतृत्व कर रहे हैं और पर्माकल्चर से जुड़े जीवंत समुदायों का पुनर्निर्माण कर रहे हैं।

विभिन्न लोगों कि इस परिवर्तन को प्राप्त करने में क्या भूमिका है, जैसे कि, सरकारों और सामाजिक आंदोलनों की?

रियो+२० में, व्यापारियों, राजनीतिज्ञों, विश्व बैंक, और यूनेप ने आगे बढ़ कर एक हरित नए सौदे का प्रस्ताव रखा। बाद में खुलासा हुआ कि यह केवल एक उभरती हुई नैनोटेक आधारित जैव अर्थव्यवस्था के लिए प्रचार करने का एक ज़रिया था। प्रकृति की रक्षा करने का पूंजीवादी पितृसत्तात्मक तरीका है 'पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं' का वस्तुतिकरण करना, जिसमें एक मूल्य निर्धारण तंत्र के तहत जंगलों, सूर्य की रोशनी या ज़मीनी बैक्टीरिया के जीवित चयापचय प्रवाह को अदृश्य कर दिया जाता है। इसी प्रकार, इंटरनेशनल मानिटेरी फंड व अन्य संस्थान स्वतंत्र बाजार विचारधारा पर आधारित हरित आर्थिक

व्यवस्था को बढ़ावा देते हैं। लेकिन बौद्धिक रूप से, विश्व के नेताओं की निर्णय प्रक्रिया 'आर्थिक पूंजी', 'मानवीय पूंजी', प्रकृतिक पूंजी', और 'भौतिक पूंजी' की पूरी तरह से असंगत भाषा पर निर्भर करती है।

उत्तरी और दक्षिणी भाग, दोनों के कई नेकनीयत नागरिकों का मानना है कि सततता की दिशा में 'न्यायसंगत परिवर्तन' प्राप्त करने के लिए तकनीकी हस्तांतरण और डिजिटाईज़ेशन ज़रूरी है। वैश्वीकरण से पैदा होने वाले संकटों के समाधान के लिए पसंदीदा और अदृश्य रूप से पुरुषवादी प्रतिक्रिया है – नवाचार। यह दावा किया जाता है कि नई तकनीकी कार्यक्षमताएँ उद्योगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले संसाधनों की मात्रा को बहुत कम करने में मदद करेंगी। लेकिन, खनिजों के खनन के लिए स्व–चालित उत्पादन भी आत्मनिर्भर ग्रामीण समुदायों के विस्थापन को नहीं रोक सकता, न ही इसमें उत्पादन के लिए उपयोग की जाने वाली अत्यधिक ऊर्जा से बचा जा सकता है। तथाकथित संसाधनों के अभियांत्रिक 'अनुकूलन' में खनन, गलाने, उत्पादन, संचार, यातायात, और अपशिष्ट निपटारे से संबंधित पहलुओं पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। इन पर पूरी तरह से अध्ययन किए जाने पर, 'पारिस्थितिकीय आधुनिकतावादी' विकास के पैमाने अपना औचित्य कायम नहीं रख पाएंगे।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसियाँ जो कि यूरोकेंद्रित उदारवादी राजनैतिक विमर्श के अंतर्गत पर्यावरणीय, गैर–औपनिवेशी, या लिंग–जेन्डर के मुद्दों को अलग–अलग 'एकल मुद्दों' के रूप में वर्गीकृत करके देखती हैं। इस तरह अलग–अलग बाँट कर समस्याओं का समाधान करने की नीति अनजाने में मौजूदा, अक्सर अंतर्खंडीय, सत्ता संबंधों को छिपा देती है क्योंकि यह लोगों को 'बिन्दु जोड़कर अर्थ बनाने' से रोकती है। निश्चित तौर पर, गरीब बांग्लादेशी महिलाओं को सूक्ष्म ऋण दिए जाते हैं, लेकिन यह शायद ही उनके लिए मुक्ति का रास्ता बनेगा। जब तक संयुक्त राष्ट्र के बुद्धिजीवी उदारवाद से प्रेरित रहेंगे, और लोगों को मानव–केंद्रित विभाजन करो और शासन करो नियम के आधार पर 'हितधारकों' की नज़र से देखा जाता रहेगा, तब तक 'जेन्डर न्यायपूर्ण परिवर्तन' की दिशा में प्रगति की चाल बहुत धीमी रहेगी। कैरेबिया की अनुभवी नारीवादी पेगी एंट्रोबस द्वारा संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों के साथ महिलाओं की बीजिंग कार्य योजना की तुलना को दूसरे शब्दों में कहा जाए तो: एम.डी.जी. = *मोस्ट डिस्ट्रैक्टिंग गिमिक्स!* (ध्यान भटकाने वाली नौटंकी) (फ्रांसिसको और एंट्रोबस २००९)।

सत्ता और आर्थिक रिश्तों की एक अलग प्रणाली कैसी होगी?

वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले से ही हर वर्ष ग्रह की क्षमता से ५०% ज़्यादा रहती है और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास उद्देश्य इसका कोई हल नहीं निकालते। इसके अतिरिक्त, लंदन स्कूल ऑफ ईकनामिक्स के एक मानवविज्ञानी का अनुमान है कि सतत विकास लक्ष्यों का उपयोग करते हुए गरीबी को मिटाने के लिए २०७ वर्ष लगेंगे (हिकल २०१५)। फिर, विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य जल आपूर्ति के लिए निजीकृत प्रबंधन को बढ़ावा देते हैं। लेकिन चूंकि बाजार किसी भी वस्तु की कमी पैदा करके उसका मूल्य बढ़ाने का ही काम कर सकते हैं, जल संरक्षण का यह तरीका एक तरह से नियमों का विरोधाभास है। इसी प्रकार, पर्यावरणीय समाधान जैसे कि कार्बन व्यापार, जियो– इंजीनियरिंग या जलवायु अनुकूल कृषि प्रकृति की जीवन–सहयोगी–प्रणालियों के टूट जाने पर उन्हें बहाल नहीं कर सकते। कंपेसिना के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय कृषक यूनियन छोटे उत्पादकों, भूमिहीन ग्रामीण महिलाओं, आदिवासियों, युवाओं, और कृषि मज़दूरों के लिए, हरित अर्थव्यवस्था एक और संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम *(स्ट्रक्चरल अडजस्ट्मेंट प्रोग्राम)* की तरह ही राष्ट्रीय बाज़ारों को पुनरसंगठित करने का ही तरीका है।

इस प्रकार के पाखंडों के जवाब में, १९९९ में बैटल फॉर सियेटल के बाद, विश्व व्यापार संघ के खिलाफ एक वैश्विक 'आंदोलनों के आंदोलन' की शुरुआत हुई। इस व्यापक लोक संगठन ने अपना पहला विश्व सामाजिक मंच *(वर्ल्ड सोशल फोरम)* वर्ष २००१ में आयोजित किया – और दो दशक बाद, विश्व सामाजिक मंच खुद को फिर से तैयार कर रहा है, और अभी भी उसका मानना है कि एक अलग दुनिया संभव है! विश्व आर्थिक मंच के बाहर, डावोस की सड़कों पर और संयुक्त राष्ट्र की कॉप परिचर्चाओं में, कार्यकर्ता राजनीतिक सहायकता और पर्यावरण–पर्याप्त जैव–क्षेत्रीय साझाकरण के आधार पर विकल्पों के एक चित्रपट का अनुसरण कर रहे हैं।

हाल ही में, बार्सेलोना, लेपजीग और बुडापेस्ट में अकादमिक मिले और उन्होंने *डिग्रोथ* पर चर्चाएं कीं।

दि रोज़ा लगज़मबर्ग स्टिफतुंग भी सामाजिक–परिस्थिकीय परिवर्तन पर काम कर रहा है। फिर भी, उत्तर और दक्षिण दोनों भागों में, संभ्रांतजन और आंदोलन कैडर के बीच समान रूप से, लिंग–जेन्डर चेतना–वृद्धि को शामिल करने के लिए 'क्षमता निर्माण' की आवश्यकता है। अब समय है महिलाओं की मानव–केंद्रित परिकल्पना और उसके प्रकृति–विरोधी संस्थानों की आलोचना को सुनने का। यहाँ ईको–नारीवादी सुयोग्य हैं, क्योंकि वे इस ज़हरीली मिठाई में बराबर का हिस्सा पाने के इच्छुक नहीं हैं। पहले के नारीवाद, उदारवाद और समाजवाद की शब्दावली मानव–केंद्रित थी; लेकिन पर्यावरण संघर्ष के बीच पैदा हुआ ईकोनारीवाद, शुरू से ही *ऑइकोस* की ओर उन्मुख था। जैसे कि, इसका ज़ोर शुरू से ही देशान्तर, अंतर–सांस्कृतिक, और गैर–उपनिवेशी था। ईकोनारीवादी निर्वाह का प्रारूप *डिग्रोथ* की दिशा में यूरोपीय प्रयासों, साउथ अमेरिका के ब्यूएन विविर, भारत के स्वराज समुदायों, साउथ अफ्रीका के उबुनटु, ओशनिया के

कसटोम ईकोनोमी, और विया कंपेसेना का साथ और उन्हें गहराई प्रदान करता है (कोठारी, सालेह, एस्कोबार, देमारिया और अकोस्टा २०१९)।

व्यापार, सरकारों, बहुपक्षीय एजेंसियों, और अंतरराष्ट्रीय तकनीकतंत्रियों की मानव–केंद्रित संस्कृति और जिनकी आजीविका विकास मॉडल, असंगत जलवायु नीति, सैन्य संसाधन हड़पने के औद्योगीकरण; और घर के करीब, घरेलू हिंसा से नष्ट हो जाती है – इन दोनों समूहों के बीच एक गहरा सामाजिक विभाजन मौजूद है। यदि पृथ्वी पर जीवन का कोई भविष्य है, तो वह निरस्त्रीकरण और डिग्रोथ में निहित है – एक पुनर्योजी नैतिकता।

एरियल सालेह मानविकी संकाय, नेल्सन मंडेला विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका में अतिथि प्रोफेसर हैं; पोस्ट–ग्रोथ सोसाइटीज़ में पूर्व सीनियर फेलो रहीं, फ्रेडरिक शिलर यूनिवर्सिटी जेना, जर्मनी और राजनीतिक अर्थव्यवस्था में मानद एसोसिएट प्रोफेसर, सिडनी विश्वविद्यालय।

उन्होंने कई वर्षों तक पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय में सामाजिक पारिस्थितिकी में पढ़ाया; और व्यापक रूप से लेक्चर देती हैं, जिसमें न्यूयॉर्क, टोरंटो और बीजिंग भी शामिल हैं। एक लंबे समय से कार्यकर्ता रही, उन्होंने यूरेनियम खनन के खिलाफ़ आंदोलन की सह–स्थापना की; दि ग्रीन्स (पंजीकृत पार्टी); संघीय सरकार की जीन प्रौद्योगिकी आचार समिति में काम किया; और इंटरनेशनल सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन रिसर्च कमेटी फॉर एनवायरनमेंट एंड सोसाइटी में गवर्नर थीं।

वे राजनीतिक पारिस्थितिकी के विषय पर लिखती हैं, मानव और प्रकृति के बीच संबंधों को बनाए रखने में प्रजनन या मेटा–औद्योगिक श्रम की भूमिका पर ध्यान केंद्रित रखते हुए, राजनीतिक अर्थव्यवस्था पर विस्तार से लिखती हैं। उनकी तीन किताबें हैं – *इकोफेमिनिज्म ऐज़ पॉलिटिक्स; इको–सफिशिएंसी;* और *ग्लोबल जस्टिस एंड प्लुरिवर्स: ए पोस्ट डेवलपमेंट डिक्शनरी* कोठारी इत्यादि के साथ संपादित। साथ ही उन्होंने कुछ २०० अध्याय और लेख भी लिखे हैं। उनका काम्.रीळशश्रीरश्रश्रशह.ळपषे पर देखा जा सकता है।

स्त्रोत: इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट (यूएनएसडब्ल्यू सिडनी)

वेबसाईट: https://www.igd.unsw.edu.au/conversation-just-transition-ariel-salleh

✦✦

४. उम्मीद के निशां

राजस्थान की लोक संस्कृति में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली जोड़ी

कंकना त्रिवेदी द्वारा

१९६० का वर्ष था जब कोमल कोठारी और विजयन देथा, जिनकी उम्र उस समय ३० वर्ष के आसपास रही होगी, ने कई दशकों तक चलने वाले सफ़र की शुरुआत की जिसके अंतर्गत वे राजस्थान की लोककथाओं और सांस्कृतिक कहानियों का दस्तावेज़ीकरण करके भाषा की बारीकियों को समझ रहे थे। बचपन से एक–दूसरे के दोस्त रहे, इन दोनों ने १९६५ में बोरुंदा गाँव(जोधपुर जिला), जो कि विजयन देथा का पुश्तैनी गाँव है, में रूपायन संस्थान की स्थापना की।

देथा को उनकी कहानी कहने की कला और लोक संस्कृति जैसी लोक पत्रिकाओं में उनके लेखन और उनकी १४–खंड की उत्कृष्ट कृति, बाटन री फुलवारी के लिए जाना जाता था। उनके द्वारा लिखी गई लोक कथाओं पर फिल्में भी बनी हैं। और कोमल कोठारी जोधपुर में संगीत नाटक अकादमी के पहले सचिव बने। मानवीय–संगीतविज्ञान पर उनके काम के लिए उन्हें व्यापक रूप से याद किया जाता है, उन्हें आज राजस्थानी लोक संगीत के अग्रदूतों में से एक और पर्यावरण कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने जल संचयन और कृषि की पारंपरिक स्थानीय प्रथाओं पर काम किया।

कोमल कोठारी के बेटे कुलदीप कोठारी, जो आज रूपयान संस्थान और अर्ना झरना संग्रहालय की देखरेख करते हैं, ने इन दोनों द्वारा शुरू किए गए दशकों पुराने काम की कहानी हमारे साथ बांटी,

मेरे पिता और विजयदानजी ने शुरू में उन महिलाओं से कहानियाँ इकट्ठा करना शुरू किया जिनकी शादी गाँव में हुई थी। ऐसा इसलिए था क्योंकि बोरुंडा में ये बहुएं राजस्थानकी अलग–अलग जगहों से आई थीं, और अपने साथ विविध रीति–रिवाज़ और साहित्य लाई थीं। आज हमारे पास राज्य भर की १०,००० से अधिक लोककथाएं हैं।

इन वर्षों में संग्रह का विस्तार करते हुए, यह राजस्थान का एकमात्र सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और कई पारंपरिक लोक और प्रदर्शन करने वाले कलाकारों की आजीविका का केंद्र बन गया। विशेष रूप से, रूपायन संस्थान ने वंशानुगत जाति संगीतकारों – विशेष जाति समूहों के समुदायों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक शब्द, जिनकी आजीविका उनसे संबंधित तथाकथित उच्च जाति के संरक्षकों के लिए संगीत प्रदर्शन पर आधारित थी – के साथ एक गहरा संबंध

बनाया है । राजस्थान में, मंगरिया (राजपूतों और अन्य के संरक्षण में), धादी (जाटों के संरक्षण में) और लंघा (सिंधी–सिपाहियों के संरक्षण में) थे। उनके गीत मुख्य रूप से बच्चे के जन्म, शादी, मृत्यु या अन्य औपचारिक कार्यक्रमों के विषय में थे। हालाँकि, बदलते जाति संबंधों और मनोरंजन की बदलती मांगों को पूरा करने की आवश्यकता के साथ, कई संगीतकार परिवारों ने इस आजीविका और कला को छोड़ना शुरू कर दिया और उन्हें नए–नए बॉलीवुड गाने गाने के लिए मजबूर होना पड़ा। परंपरागत रूप से, कुलदीप कोठारी समझाते हैं, संरक्षक और संगीतकारों के बीच का संबंध दोनों संस्कृतियों का एक सहज और महत्वपूर्ण हिस्सा था; हालाँकि, अब हमें संगीतकारों के साथ बुरे व्यवहार के मामले सुनाई देते हैं ।

ये अनुभव अनुसंधान, नेटवर्किंग और कारीगरों को जोड़ने, विशेष रूप से गरीब परिवारों, मेलों और शहरी परिवारों के सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए रूपायन के दूरदर्शी कार्य का आधार बन गए हैं । पिछले वर्षों में वे नई धुनें बनाने के लिए उपकरणों और लय को सुधारने की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

कई वर्षों तक, रूपायन राजस्थान में ३६ एक–दूसरे पर आश्रित व्यावसायिक जाति समुदायों को जोड़ने का प्रयास करते हुए, विभिन्न सामुदायिक अंतःक्रियाओं के लिए मुख्य जगह थी। रूपायन ने संगीत कला अकादमी द्वारा कारीगरों को दिए जाने वाले वेतन को ३००० रुपये से ८००० रुपये तक बढ़वाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



१९७३ में, देथा को साहित्य कला अकादमी पुरुस्कार और २००७ में पद्म श्री से नवाज़ा गया। कोठारी को १९८३ में पद्म श्री और २००४ में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। (चित्र सहपीडिया से लिया गया है)

कोठारी ने लोक और शास्त्रीय संगीत के बीच संवाद को बढ़ावा देने के लिए काम किया। उनका मानना था कि शास्त्रीय संगीत (घरानों के साथ) के विपरीत, लोक पारंपरिक प्रथा एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था से उभरती है जिसे सीखा जाता है लेकिन सिखाया नहीं जाता। इससे इन लोक समुदायों के बच्चों के लिए वरिष्ठ संगीतकारों द्वारा शैक्षिक शिविरों के रूप में जगहें बनाई गईं जिससे कि वे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के बारे में सीख सकें, शास्त्रीय संगीत कौशल बढ़ा सकें, आदि।

संग्रह ने मानवीय संगीत शास्त्र की पाठन सामग्री को बढ़ावा दिया है। यह प्रशिक्षण के लिए भी उपयोगी रहा है। कुलदीप कोठारी बताते हैं, यह संग्रह केवल पुराने समय को याद करने के लिए ऐतिहासिक दस्तावेज़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि हमारे लिए बहुत उपयोगी है। वरिष्ठ संगीतकारों की मदद से, हम लांघा समुदाय के ७–१४ वर्षीय बच्चों के साथ काम कर रहे हैं, जिससे कि वे ऐसे जटिल गाने सीख सकें जो हमारे संग्रह में उपलब्ध हैं। अभी हम सप्ताह के तीन दिन, ३० बच्चों को सिखाते हैं। उम्मीद है कि इनमें से कुछ बच्चे परंपरा को जारी रखेंगे।

१९९० के दशक के दौरान, कोठारी और देथा की बढ़ती उम्र के कारण यह संस्थान ज़्यादा सक्रीय नहीं रहा। इसके बावजूद उनके मन में ऊर्जा बनी रही। कोठारी ने राजस्थान की संस्कृति को अलग–अलग ज़िलों की पारिस्थितिकी से जोड़ने वाली रूपरेखा का निर्माण करके अभूतपूर्व काम किया। उनके अनुसार, पारिस्थितिकी का संस्कृति और स्थानीय खाद्य पदार्थों तथा संगीत पर प्रभाव रहता है, और इसमें प्रकृति का संगीत वाद्यों के साथ सहजीवी संबंध रहता है।

जैसे देहात में घूमना, अरना झरना एक जीवंत संग्रहालय है जो कि स्थानीय पारिस्थितिकी और इसक्षेत्र में जीवन का उत्सव मनाता है। फोटो: कंकना त्रिवेदी

मेरे पिताजी का मानना था कि संस्कृति को खाद्य पदार्थों के माध्यम से समझना चाहिए। और उन्होंने इसे तीन क्षेत्रों में विभाजित किया था: बाजरा, मक्का, जोवार, कुलदीप कोठारी बताते हैं।

कहा जाता है कि कमाईचा (तयार वाला वाद्ययंत्र) को घास उगने वाले क्षेत्रों में बजाया जाता है, जहाँ ३–४ इंच वर्षा होती हो। अलगोजा

(बाँसुरी) जोवार पैदा होने वाले क्षेत्रों में पाई जाती है, जहाँ अधिकतर चरवाहे रहते हैं।

इन प्रयासों ने १९९८ में एक मरुस्थल संग्रहालय को जन्म दिया जिसका नाम है अरना झरना: थार मरुस्थल संग्रहालय। यह संग्रहालय राजस्थान की एक वैकल्पिक कथा सुनाने की कोठारी की कल्पना को साकार करता है।

जोधपुर शहर से लगभग १५ कि.मी. की दूरी पर, मोकलावास में स्थित यह संग्रहालय दस एकड़ भूमि पर बना है, जहाँ स्थानीय वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की विविधता प्रदर्शित की गई है (जिनमें से कि अब आसाने से देखने को नहीं मिलते)। पत्थर की एक खदान के परिणामस्वरूप बने पथरीले कंटीले क्षेत्र से घिरे इस संग्रहालय में २०० प्रजातियों के पेड़ों, घास, झाड़ियों के ७००-८०० पौधे हैं। घास की प्रजातियों में शामिल हैं धामन, सेवन और लोमपद्रा, जो एक कालीन की तरह उगती है।

मिट्टी के ढांचों के अंदर, एक खुले बरामदे में संगीत वाद्ययंत्र, शिल्पकलाएँ, कठपुतलियाँ और झाड़ू प्रदर्शित हैं। संग्रहालय का एक प्रमुख प्रदर्शन है झाड़ू, जिसे रोज़मर्रा के जीवन की एक महत्वपूर्ण वस्तु माना जाता है, और आप आश्चर्यचकित हो जाएंगे, कि यहाँ झाड़ू के लिए उपयोग की जाने वाली १८० प्रकार की घास और झाड़ियों को प्रदर्शित किया गया है – और अभी अतिरिक्त प्रजातियाँ भी लाई जा रही हैं।

पारंपरिक निर्माण कला दिखाते हुए कुलदीप कोठारी, और बाईं ओर झाड़ुओं की कुछ किस्में दिख रही हैं।

संग्रहालय में झाड़ुओं के माध्यम से तीन पारिस्थितिकीय क्षेत्रों के प्राकृतिक और सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं को दर्शाया गया है: बाजरा, मक्का और जोवार। कुलदीप कोठारी इस संग्रहालय की शुरुआत से इसका प्रबंधन करते आए हैं और उन्होंने कई विविध समुदायों और कलाकारों के साथ मिलकर झाड़ुओं से जुड़े कथानकों तथा झाड़ू अर्थव्यवस्था की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने समझाते हुए कहा,

हामारी घर बनाने की शैली विकसित होती रही है और इसके अनुसार हमारी झाड़ू बनाने की सामग्री भी बदलती है। आज के दिन, फूल झाड़ू उत्तर-पूर्वी भारत से आती है, नारियल की झाड़ू दक्षिण से, और खजूर की झाड़ू राजस्थान के मेवाड़ में बनती है। फूल झाड़ू आने से पहले, पन्नी-झाड़ू का इस्तेमाल किया जाता था। ठोस ज़मीं पर गीली और सूखी सफाई करने के लिए, हरिजन समुदायों में बांस कि झाड़ू का उपयोग किया जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में, कुलदीप कोठारी घास के रेशे के विकास पर शोध कर रहे हैं और इससे जुड़े नए विषयों पर अनुसंधान कर रहे हैं। सहयोगिता के विकास के लिए संग्रहालय को आधार बनाते हुए, वे मिट्टी की वस्तुओं से *ग्रैविटी फ़िल्टर* (जिसे जी फ़िल्टर के नाम से जाना जाता है) बनाने के लिए वैज्ञानिकों के साथ काम कर रहे हैं।

✦✦

पाठकों के लिए संदेश:

प्रिय पाठकों, यदि आप समुदाय व संरक्षण की प्रति किसी अलग पते पर प्राप्त करना चाहते है तो कृपया हमें अपना पता milindwani@yahoo.com पर या नीचे लिखे पते पर भेज दें।

कल्पवृक्ष

डॉक्यूमेन्टेशन ऐंड आउटरीच सेन्टर, अपार्टमेंट ५, श्री दत्ता कृपा, ९०८, डेक्कन जिमखाना,

पुणे ४११००४. महाराष्ट्र – भारत

वेबसाइट : www.kalpavriksh.org

समुदाय व संरक्षण : जैव विविधता संरक्षण तथा आजीविका सुरक्षा संस्करण अंक १०, नं. १ मार्च – ऑगस्ट २०२१

संकलन एवं संपादन : मिलिन्द वाणी

संपादकीय सहयोग : अनुराधा अर्जुनवाडकर

हिंदी अनुवाद : निधि अग्रवाल

कवर फोटो: कंकना त्रिवेदी

प्रकाशक :
कल्पवृक्ष,
अपार्टमेंट ५, श्री दत्ता कृपा, ९०८,
डेक्कन जिमखाना, पुणे–४११००४.
फोन : ९१–२०–२५६७५४५०,
फैक्स : ९१–२०–२५६५४२३९
ई–मेल : KVoutreach@gmail.com,
वेबसाइट : www.Kalpavriksh.org

आर्थिक सहयोग : मिजेरिओर, आचेव, जर्मनी

निजी वितरण के लिये

प्रकाशित विषयवस्तु (Printed matter)

सेवा में,